# University in News on 01 May 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 1 & 5

कोरोना इफेक्ट — लविवि और भाषा विवि के काउंसिलिंग सेल में आ रहे फोन, कोविड की दूसरी लहर चिंता का कारण

# कॅरियर नहीं, युवाओं को भी सेहत की चिंता

**केस-1**

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के काउंसिलिंग सेल में प्रतिदिन आधा दर्जन युवाओं के फोन आ रहे हैं, जो यह जानना चाहते हैं कि यदि घर का कोई व्यक्ति संक्रमित हो गया है तो घर के दूसरों सदस्यों की सेहत पर क्या असर पड़ेगा? घर में रहने से उनमें चिड़चिड़ापन, गुस्सा बढ़ रहा है। साथ ही घर वालों के साथ झगड़ा भी बढ़ा है।

**केस-2**

लविवि के मनोविज्ञान विभाग की हैप्पी थिंकिंग लैब से जुड़े शिक्षकों के पास भी रोज युवाओं के फोन आ रहे हैं। वे कोविड को लेकर काफी डरे हैं। उनकी चिंता परिवार के खुद के स्वास्थ्य को लेकर भी है। वे पढ़ाई या कॅरियर से जुड़े सवाल कम पूछ रहे हैं।

**अक्षय कुमार**

**लखनऊ।** कोरोना की दूसरी लहर ने इस बार सभी को प्रभावित किया है। युवा भी इससे अछूते नहीं रहे। आम तौर पर बेफिक्र जिंदगी जीने वाले युवाओं में भी कोविड का डर देखने को मिल रहा है।

लखनऊ विवि और भाषा विवि के काउंसिलिंग सेल में रोजाना आने वाले फोन में युवा कॅरियर को लेकर नहीं बल्कि अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा सवाल पूछ रहे हैं। वे इसे लेकर ज्यादा चिंतित हैं कि अगर उन्हें कोविड हो गया तो क्या होगा? आस-पास के हालात ने उन्हें चिंतित कर रखा है। वहीं, लगातार लंबे समय से घर में ही रहने से अब वहां झगड़े और टेंशन भी बढ़ रही है। लविवि की हैप्पी थिंकिंग लैब की समन्वयक प्रो. मधुरिमा प्रधान बताती हैं की युवाओं के तनाव को कम करने व इसे सकारात्मक सोच में बदलने के लिए काउंसिलिंग सेशन किए जा रहे हैं। घर में किसी को कोविड होने पर पढ़ाई प्रभावित होती है और तनाव भी बढ़ता है।

भाषा विवि की मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं सहायता हेल्प डेस्क की परामर्शदाता डॉ. तनु डंग ने कहा कि मैंने पिछले साल भी काउंसिलिंग की है, लेकिन इस बार हालात बिल्कुल बदले हुए हैं। युवा इस बार कॅरियर को नहीं स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। हम उनको समझाते हैं कि सही तरीके से किए गए इलाज से अधिकतर लोग स्वस्थ हो रहे हैं।



प्रो. मधुरिमा



डॉ. तनु डंग

**भाषा विवि में शिक्षक करेंगे काउंसिलिंग :** भाषा विवि में कुलपति प्रो. अनिल कुमार शुक्ला ने मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं सहायता हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। कोविड के कारण विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव को देखते हुए इसकी स्थापना की गई है। डॉ. नीरज शुक्ल व डॉ. तनु डंग को परामर्शदाता नामित किया गया है। यह प्रतिदिन 2 घंटे विद्यार्थियों को फोन पर परामर्श देंगे।

### लविवि कुलपति प्रो. राय को ट्रांसफॉर्मिंग लीडरशिप अवॉर्ड

**लखनऊ।** लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को 'एलएमए ट्रांसफॉर्मिंग लीडरशिप अवॉर्ड 2020 से पुरस्कृत किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुए पुरस्कार समारोह में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अरुण माथुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एलएमए देश के अग्रणी संस्थानों में से एक है और एआईएम में सर्वश्रेष्ठ एसोसिएशन होने का खिताब 8 बार जीत चुकी है। उन्होंने बताया कि यह अवॉर्ड लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को उनके पिछले 01 वर्ष के कार्यकाल में किए गए कार्यों के लिए दिया गया है। प्रो. राय को यह पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि प्लानिंग कमीशन उत्तरप्रदेश के पूर्व वाइस चेयरमैन एनसी वाजपेई द्वारा दिया गया। प्रो. राय ने विश्वविद्यालय की पूरी टीम को इस सफलता का भागीदार बताया। उन्होंने कहा कि सिर्फ 01 साल में ही विश्वविद्यालय अपने शिक्षा और प्रशासन प्रणाली में स्पीड, एक्यूरेसी और ट्रांसपेरेंसी का संचार करने में समर्थ रहा है। कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविद्, कलाकार, इंस्टीट्यूट के निदेशक मौजूद रहे।



## SWATANTRA BHARAT PAGE 3

# एलयू कुलपति को मिला एलएमए ट्रांसफॉर्मिंग लीडरशिप अवार्ड

लखनऊ। लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को एलएमए ट्रांसफॉर्मिंग लीडरशिप अवार्ड 2020 से पुरस्कृत किया गया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुए पुरस्कार समारोह में देशभर के कई बड़े शिक्षाविद कलाकार इंस्टीट्यूट के निदेशक लखनऊ विश्वविद्यालय के कई अध्यापक गण और ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कई सदस्य शामिल थे। पुरस्कार समारोह की शुरुआत में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अरुण माथुर ने लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के विषय में सभी श्रोताओं और दर्शकों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि एलएमए अग्रणी संस्थानों में से एक है और एआईएम में सर्वश्रेष्ठ एसोसिएशन होने का खिताब आठ बार जीत चुकी है। पुरस्कार समारोह की शुरुआत सबसे पहले पुरस्कार एलएम ट्रांसफॉर्मिंग लीडरशिप 2020 अवार्ड के साथ की गई। यह अवार्ड लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को उनके पिछले एक वर्ष के लखनऊ विश्वविद्यालय के नेतृत्व और उस नेतृत्व की वजह से शिक्षण और प्रशासन प्रणाली में आए महत्वपूर्ण और सार्थक परिवर्तन के लिए प्रदान किया गया है।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

# प्रो. राय को मिला एलएमए ट्रांसफॉर्मिंग लीडरशिप अवार्ड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को एलएमए ट्रांसफॉर्मिंग लीडरशिप अवार्ड 2020 से पुरस्कृत किया गया। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुए पुरस्कार समारोह में देशभर के कई बड़े शिक्षाविद कलाकार इंस्टीट्यूट के निदेशक लखनऊ विश्वविद्यालय के कई अध्यापक गण और ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के कई सदस्य शामिल थे। पुरस्कार समारोह की शुरूआत में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अरुण माथुर ने लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के विषय में सभी श्रोताओं और दर्शकों को अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि एलएमए अग्रणी संस्थानों में से एक है और एआईएम में सर्वश्रेष्ठ एसोसिएशन होने का खिताब आठ बार जीत चुकी है। पुरस्कार समारोह की शुरूआत सबसे पहले पुरस्कार एलएम ट्रांसफॉर्मिंग लीडरशिप 2020 अवार्ड के साथ की गई। यह अवार्ड लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय को उनके पिछले एक वर्ष के लखनऊ विश्वविद्यालय के नेतृत्व और उस नेतृत्व की वजह से शिक्षण और प्रशासन प्रणाली में आए महत्वपूर्ण और सार्थक परिवर्तन के लिए प्रदान किया गया है।